जयपुर डिस्कॉम ने विद्युत बिलों के भुगतान की तिथि बढाई

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
LK-21-04-2020-02.docx (http://103.203.138.54/news/206083/document/LK-21-04-2020-02.docx)

DESCRIPTION

जयपुर डिस्कॉम ने विद्युत बिलों के भुगतान की तिथि बढाई

जयपुर, 21 अप्रेल। जयपुर डिस्कॉम द्वारा सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को अप्रेल माह में जारी किए विद्युत बिलों, जिनकी भुगतान की नियत तिथि 27 अप्रैल से पूर्व की है, उसे बढ़ाकर 27 अप्रैल, 2020 कर दिया गया है।

जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक श्री ए.के.गुप्ता ने बताया कि सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए अब सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ता बिना विलम्ब शुल्क के अपने विद्युत बिलों का भुगतान ऑनलाइन अथवा चैक से 27 अप्रैल, 2020 तक कर सकते है।
उपभोक्ता डुप्लीकेट बिल, बिल डाउन लोड, मीटर रीडिंग भेजने व बिल भुगतान हेतु निम्न एप, वेबसाईट का उपयोग कर सकते है।

(1) http:/www.bijlimitra.com/selfservice (http://www.bijlimitra.com/selfservice)

(2) bijlimitra.com/consumerLogin

(3) बिजली मित्र एप

इसके साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा मोबाईल फोन पर मीटर रीडिंग सहित मीटर का फोटो भेजने हेतु जयपुर डिस्कॉम के मोबाईल नम्बर निम्नानुसार है-

जयपुर जोन के उपभोक्ताओ हेतु ः 94133-75901
कोटा जोन के उपभोक्ताओं हेतु ः 94133-75881
भरतपुर जोन के उपभोक्ताओं हेतु ः 94133-75882

SUPPORTING IMAGES